**मूल हिन्दी**

**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 985**
**08 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए**

**पीएमएवाई के अंतर्गत लाभार्थी**

**985. श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत देश के विभिन्न राज्यों में पिछले पांच वर्षों से लेकर अब तक कितने लाभार्थियों को घर उपलब्ध कराए गए हैं और ऐसे पात्र लाभार्थियों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या अभी भी कई परिवारों को योजना का लाभ नहीं मिल पाया है और यदि हां, तो विशेष रूप से दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव के संबंध में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा वंचित परिवारों को योजना के तहत घर उपलब्ध कराने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(घ) उक्त संबंध में राज्य-वार और जिले-वार की गई कार्रवाई
का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री कौशल किशोर)**

(क) से (घ) भूमि और कॉलोनीकरण राज्य के विषय हैं। इसलिए, संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को अपनी आबादी की आवास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने का अधिदेश प्राप्त है। यद्पि, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय 'सबके लिए आवास' के विजन के तहत 25.06.2015 से शहरी क्षेत्रों में सभी पात्र लाभार्थियों के लिए आवसों के निर्माण के लिए प्रधान

मंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत केंद्रीय सहायता प्रदान करके राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों को पूरा करने में मदद करता है।

पीएमएवाई-यू एक मांग आधारित योजना है और मंत्रालय ने कोई लक्ष्य तय नहीं किया है। मांग और स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र परियोजना प्रस्ताव तैयार करते हैं और स्वीकार्य केंद्रीय सहायता की मंजूरी के लिए चरणबद्ध तरीके से मंत्रालय को प्रस्तुत करते हैं। पीएमएवाई-यू के तहत 29.01.2024 तक कुल 118.63 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं। स्वीकृत आवासों में से 114.01 लाख आवास के निर्माण कार्य शुरू हो चुका है; जिनमें से 80.02 लाख आवासों के निर्माण कार्य पूरे हो चुके है/लाभार्थियों को सौंप दिए गए हैं।

दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव में पिछले पांच वर्षों (वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23) के दौरान, 7508 आवासों को मंजूरी दी गई है, 8985 आवासों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है और 8221 आवासों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

पीएमएवाई-यू के तहत पिछले पांच वर्षों (वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23) के दौरान स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण आवास का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

इस योजना की अवधि पहले 31.03.2022 तक थी, जिसे अब वित्तपोषण पद्धति और कार्यान्वयन कार्यप्रणाली को बदले बिना स्वीकृत सभी आवासों को पूरा करने के लिए, ऋण संबंद्ध सब्सिडी योजना (सीएलएसएस) घटक को छोड़कर, 31.12.2024 तक बढ़ा दिया गया है।

******

दिनांक 08-02-2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 985 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

**पीएमएवाई-यू के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों (वित्तीय वर्ष2018-19 से 2022-23) के दौरान वास्तविक प्रगति का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र - वार ब्यौरा**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | स्वीकृत आवासों की संख्या | निर्माणाधीन आवासों की संख्या* | पूर्ण आवासों की संख्या* |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 17,07,581 | 16,39,747 | 7,08,211 |
| 2 | बिहार | 1,93,545 | 2,43,869 | 1,04,226 |
| 3 | छत्तीसगढ़ | 2,18,576 | 2,22,892 | 1,72,503 |
| 4 | गोवा | 3,031 | 3,036 | 3,034 |
| 5 | गुजरात | 7,94,460 | 8,20,091 | 7,99,775 |
| 6 | हरियाणा | 57,446 | 87,391 | 60,587 |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 7,542 | 10,957 | 8,901 |
| 8 | झारखंड | 1,21,750 | 1,25,925 | 94,704 |
| 9 | कर्नाटक | 3,36,217 | 4,62,100 | 2,61,293 |
| 10 | केरल | 1,01,547 | 1,13,833 | 1,09,511 |
| 11 | मध्य प्रदेश | 6,29,936 | 6,92,048 | 6,15,658 |
| 12 | महाराष्ट्र | 12,41,320 | 10,13,921 | 7,61,904 |
| 13 | ओडिशा | 1,33,684 | 1,23,516 | 1,25,248 |
| 14 | पंजाब | 96,670 | 92,555 | 71,034 |
| 15 | राजस्थान | 2,25,258 | 1,84,418 | 1,53,016 |
| 16 | तमिलनाडू | 4,32,469 | 4,42,878 | 4,79,861 |
| 17 | तेलंगाना | 1,06,693 | 1,21,137 | 2,19,440 |
| 18 | उत्तर प्रदेश | 13,64,466 | 14,67,082 | 12,46,065 |
| 19 | उत्तराखंड | 49,872 | 44,783 | 25,603 |
| 20 | पश्चिम बंगाल | 4,89,959 | 4,93,330 | 3,10,988 |
| **उप योग (राज्य)** | | **83,12,022** | **84,05,509** | **63,31,562** |
| 21 | अरूणाचल प्रदेश | 3,441 | 5,858 | 5,912 |
| 22 | असम | 1,13,804 | 1,27,792 | 79,479 |
| 23 | मणिपुर | 32,049 | 44,124 | 10,578 |
| 24 | मेघालय | 3,975 | 3,675 | 1,055 |
| 25 | मिजोरम | 11,406 | 37,582 | 6,384 |
| 26 | नागालैंड | 21,206 | 28,633 | 11,556 |
| 27 | सिक्किम | 186 | 427 | 206 |
| 28 | त्रिपुरा | 33,145 | 41,940 | 55,461 |
| **उप योग (पूर्वोत्तर राज्य)** | | **2,19,212** | **2,90,031** | **1,70,631** |
| 29 | अ. और नि. द्वीप | 353 | 376 | 47 |
| 30 | चंडीगढ़ | 1,194 | 1,194 | 1,194 |
| 31 | दिल्ली | 27,246 | 27,246 | 27,246 |
| 32 | जम्मू कश्मीर | 34,768 | 39,208 | 17,986 |
| 33 | लद्दाख | 374 | 933 | 587 |
| 34 | लक्षद्वीप | - | - | - |
| 35 | पुदुचेरी | 8,474 | 10,660 | 8,110 |
| 36 | दा.न. हवेली और दमन व दीव | 7,508 | 8,985 | 8,221 |
| **उप योग (संघ राज्य क्षेत्र)** | | **79,917** | **88,602** | **63,391** |
| **कुल योग** | | **86,11,151** | **87,84,142** | **65,65,584** |

* उस अवधि के दौरान निर्माणाधीन और पूर्ण आवास शामिल है, जिन्हें पिछले वर्षों में स्वीकृत किए गए थे।